देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 223 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 9 दिसंबर 2021

**विचार-प्रवाह...** स्वास्थ्य ढांचे के लिए कितना मुश्किल





मौसम | अधिकतम 21.0° | न्यूनतम 12.0° | 38243.41

2 फेसबुक पर 150 अरब डालर का मुकदमा

7 दूसरे स्थान पर पहुंचे आर अश्विन

# जनरल रावत के निधन से पूरा देश गमगीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। तमिलनाडु में सेना का एमआई हेलीकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। बताया जा रहा है कि हेलीकाप्टर में सीडीएस बिपिन रावत और उनकी पत्नी समेत सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। नजदीकी सेना के अस्पताल में सभी घायलों को भर्ती कराया गया था। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक हेलीकाप्टर में सवार 14 लोगों में 13 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। साथ ही जानकारी है कि शवों की पहचान डीएनए जांच से की जाएगी। सरकार गुरुवार को संसद में दुर्घटनाग्रस्त हुए सैन्य हेलीकॉप्टर एमआई–17 वी5 के बारे में जानकारी देगी। वहीं, दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए भारतीय वायु सेना ने जांच के आदेश दिए हैं।

दुर्घटनाग्रस्त हुए सैन्य हेलीकाप्टर एमआई–17 वी5 के पायलट विंग कमांडर पृथ्वी सिंह चौहान थे। वो 109 हेलीकाप्टर यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर हैं।

## हेलीकाप्टर क्रैश में सीडीएस रावत और उनकी पत्नी समेत 13 लोगों की मौत

**ऊंटी वेलिंगटन से दिल्ली लौटते वक्त हुआ हादसा**

कार्यक्रम ऊंटी के वेलिंगटन में आयोजित किया गया था। वहां सीडीएस जनरल रावत लेक्चर देकर लौट रहे थे। ऊंटी वेंलिगटन में आर्मड फोर्सेज का कॉलेज है। हेलिकॉप्टर में सीडीएस और उनकी पत्नी के साथ ब्रिगेडियर रैंक के अधिकारी भी थे जो सीडीएस के स्टाफ ऑफिसर थे। साथ ही, दो पायलट भी साथ में थे। बताया जा रहा है कि सीडीएस को ले जाने वाले विमान या हेलिकॉप्टर के उड़ाने का खास प्रॉटोकॉल होता है।



### उत्कृष्ट सैनिक थे जनरल रावतः पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनरल बिपिन रावत को एक एक उत्कृष्ट सैनिक बताते हुए कहा कि वह एक सच्चे देशभक्त थे। उन्होंने हमारे सशस्त्र बलों और सुरक्षा तंत्र के आधुनिकीकरण में बहुत योगदान दिया। उनके निधन से मुझे गहरा दुख पहुंचा है। पीएम मोदी ने अपने शोक संदेश में कहा कि भारत के पहले सीडीएस के रूप में, जनरल रावत ने रक्षा सुधारों सहित हमारे सशस्त्र बलों से संबंधित विविध पहलुओं पर काम किया। भारत उनकी असाधारण सेवा को कभी नहीं भूलेगा।

तमिलनाडु में दुर्घटनाग्रस्त हुए एमआई–17 वी5 सैन्य हेलीकाप्टर में सवार 14 में से 13 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। साथ ही बताया जा रहा है कि शवों की पहचान डीएनए जांच से की जाएगी।

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि वो हादसे का जायजा लेने के लिए दुर्घटना स्थल का मुआयना करेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि स्थानीय प्रशासन को बचाव कार्यों में हर संभव मदद मुहैया कराने का निर्देश दिए गए हैं।

समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक सरकार गुरुवार को संसद में दुर्घटनाग्रस्त हुए सैन्य हेलीकॉप्टर एमआई–17 वी5 के बारे में जानकारी देगी। दुर्घटनाग्रस्त हुए हेलीकॉप्टर में सीडीएस बिपिन रावत सवार थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली स्थित सीडीएस जनरल बिपिन रावत के घर पहुंचे थे। परिजनों से मुलाकात कर, थोड़ी देर रुकने के बाद रक्षा मंत्री वहां से रवाना हो गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी जनरल रावत के निधन पर गहरा शोक जताया है। गृह मंत्री अमित शाह ने जनरल रावत के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए इसे देश के लिए बहुत दुखद दिन करार दिया। देशवासियों सहित सत्ता और विपक्ष के नेताओं ने सीडीएस बिपिन रावत सहित 13 लोगों के निधन पर शोक व्यक्त किया।

### जनरल रावत के निधन को बताया देश व प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षतिः सीएम

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेलीकाप्टर दुर्घटना में सीडीएस जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी श्रीमती मधुलिका रावत व अन्य अधिकारियों की आकस्मिक मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्माओं की शान्ति तथा शोक संतप्त परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने जरनल रावत के आकस्मिक निधन को देश के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि देश की सुरक्षा के लिए जनरल रावत ने महान योगदान दिया है। देश की सीमाओं की सुरक्षा एवं देश की रक्षा के लिए उनके द्वारा लिये गये साहसिक निर्णयों एवं सैन्य बलों के मनोबल को सदैव ऊंचा बनाये रखने के लिए उनके द्वारा दिये गये योगदान को देश सदैव याद रखेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 370 हटने के बाद कश्मीर में 366 आतंकियों को उतारा मौत के घाट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जम्मू–कश्मीर को विशेष अधिकार का दर्जा प्रदान करने वाले आर्टिकल 370 को 5 अगस्त, 2019 को हटा दिया गया था। इसे हटाए जाने के बाद से अब तक कश्मीर में 366 आतंकियों को मौत के घाट उतारा गया है। यह जानकारी गृह मंत्रालय ने बुधवार को राज्यसभा में दी है। मंत्रालय ने बताया कि आतंकवाद रोधी अभियानों के दौरान 81 जवान शहीद हुए हैं और 96 आम लोगों की जानें गई हैं।

### महंगाई प्रबंधन पर आरबीआई ने सरकार की पीठ थपथपाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आरबीआइ गवर्नर डॉ. शक्तिकांत दास ने बुधवार को सुबह 10 बजे मौद्रिक नीति की समीक्षा पेश कर दी। सारे आकलनों व टिप्पणियों को दरकिनार करके उन्होंने ब्याज दरों के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की है यानी अभी सस्ते कर्ज का जो दौर चल रहा है वह चलता रहेगा।

# मुख्यमंत्री ने किया राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2021 का शुभारम्भ

## तीन आयु वर्ग में 12 खेल विधाओं का किया जा रहा है आयोजन

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को महाराणा प्रताप स्पोर्टस कॉलेज, रायपुर, देहरादून में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2021 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर खेल मंत्री अरविन्द पाण्डेय भी उपस्थित थे। 08 दिसम्बर 2021 से चलने वाले इस खेल महाकुंभ में तीन आयुवर्ग अण्डर–14, अण्डर–17 एवं अण्डर–21 में बालक एवं बालिकाओं की कुल 12 खेल विधाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य स्तर, जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले मंगल दलों को वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 के राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ अवार्ड प्रदान किये।

**खेल महाकुंभ के शुभारम्भ अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाएंः** इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि खेल महाकुंभ–2021 में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को नई खेल नीति के अनुसार सभी सुविधाएं अनुमन्य कराई जायेंगी। पीआरडी स्वयं सेवकों को भी होमगार्ड जवानों की भांति प्रतिदिन 70 रूपये मानदेय बढ़ाया जायेगा। पीआरडी स्वयं सेवकों को सामाजिक सुरक्षा बीमा का लाभ दिया जायेगा एवं पीआरडी स्वयं सेवक की ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को 02 लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। पीआरडी स्वयं सेवकों को प्रत्येक वर्ष 300 दिन का कार्य दिया जायेगा।




# सरकार के भेजे प्रस्ताव पर तैयार हुए किसान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। तीनों केंद्रीय कृषि कानूनों की वापसी के बावजूद किसानों के धरना प्रदर्शन खत्म करने को लेकर नया मोड़ आ गया है। जहां एक केंद्र सरकार ने आंदोलन खत्म करने पर मांगें मानने का आश्वासन दिया है तो किसान संगठनों का कहना है कि पहले सरकार हमारी सभी बातें मानें। इस पर मामला अटक गया है। बहरहाल दिल्ली–हरियाणा के सिंघु बार्डर पर बुधवार दोपहर संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक शुरू हुई, फिर उसे दोपहर तीन बजे तक के लिए स्थगित किया गया। इसके बाद फिर शाम को बैठक शुरू हुई।संयुक्त मोर्चा की बुधवार की बैठक में आंदोलन समाप्त करने पर निर्णय नहीं हुआ। आज फिर मोर्चा की बैठक होगी। किसान मोर्चा से जुड़े युद्धवीर सिंह ने कहा, अभी जो संशोधित ड्राफ्ट हमारे सामने आया है, उस पर सहमति बन गई है। कल अधिकारिक तौर पर लिखित में ड्राफ्ट आने पर मोर्चा की बैठक फिर होगी और उसमें कोई निर्णय लिया जाएगा। आंदोलन खत्म करने अथवा आंदोलन की दिशा के साथ आंदोलन का स्वरूप तय करने पर भी चर्चा की जानी थी।

**बैठक**

■आज की बैठक में लेंगे निर्णय

जानकारी सामने आ रही है कि संयुक्त किसान मोर्चा की 5 सदस्यीय समिति ने बुधवार सुबह 10 बजे नई दिल्ली में एक बैठक हुई। इससे पहले किसान संगठनों को पत्र लिखकर केंद्र सरकार ने पुनरू घर लौटने की अपील की और विस्तार से बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर चर्चा के लिए प्रस्तावित समिति में संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के सदस्य भी होंगे। आंदोलनकारियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने पर भी राज्य सरकारें सहमत हैं। पराली के मुद्दे पर किसानों को पहले ही राहत दे दी गई है, जबकि विद्युत संशोधन विधेयक चर्चा के बाद ही संसद में पेश होगा।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# सीडीएस बिपिन रावत की मौत से उत्तराखंडवासी स्तब्ध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। बुधवार को तमिलनाडु के कुन्नूर जिले में सीडीएस बिपिन रावत को ले जा रहा सेना का हेलीकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में सीडीएस बिपिन रावत और उनकी पत्नी समेत 13 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे से उत्तराखंड वासी स्तब्ध हैं।

बुधवार दोपहर जैसे ही

### ग्रामीण तमाम कार्य छोड़ टेलीविजन सेट के आगे बैठे रहे

सीडीएस जनरल बिपिन रावत के हैलीकाप्टर क्रैश होने की सूचना ग्रामसभा बिरमोली में मिली, ग्रामीण तमाम कार्य छोड़ टेलीविजन सेट के आगे बैठ गए।

दरअसल, सीडीएस जनरल बिपिन रावत इसी ग्रामसभा के अंतर्गत ग्राम सैंणा के मूल निवासी हैं। ग्रामीण अप्रैल 2018 के उस दिन को याद कर रहे थे, जब उनके गांव का सपूत उनसे मिलने गांव आया था। टेलीविजन पर पल–पल के घटनाक्रम को देख रहे ग्रामीण लगातार उनकी खुशहाली की प्रार्थना कर रहे थे।

बिपिन रावत के चाचा भरत सिंह के आवास में उनके परिवार के सदस्य टेलीविजन के सामने बैठ पूरे घटनाक्रम पर नजर रखे हुए थे।